संख्या शिक्षा ई0डी0एन–एच(23)1–3/12–13–जरनल
उच्च शिक्षा निदेशालय,
शिमला, हिमाचल प्रदेश ।
दिनांक शिमला–171001 मार्च, 2013

सेवा में

समस्त उप शिक्षा निदेशक,(उच्च)
हिमाचल प्रदेश ।
समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविघालय हिमाचल प्रदेश ।
समस्त प्राचार्य,
राजकीय संस्कृत महाविघालय हि0 प्र0 ।
समस्त प्रधानाचार्य,
डाईट हिमाचल प्रदेश ।
ग्रुप कंमाडर,
एन.सी.सी. हेडक्वाटर शिमला ।
समस्त कमाडिगं औफिसर ,हिमाचल प्रदेश ।
समस्त पुस्तकालयध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश ।

विषयः– अधिकारियों एवंम लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2012–13 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट भेजने बारे ।

ज्ञापनः–

उच्च शिक्षा निदेशालय के अधीनस्त कार्यरत अधिकारियों एंवम लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2012–13 की गोपनीय रिपोर्ट लिखने बारे सरकार द्वारा निर्धारित की गई समय सारणी के अर्न्तगत अप्रैल माह में सभी कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्टस निदेशालय को प्रेषित की जानी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा निदेशालय के अधीनस्थ कुछ शिक्षा संस्थानों से गोपनीय रिपोर्ट समय पर प्रेषित नहीं की जा रही है केवल पदोन्नति के समय ही पिछले कई वर्षो की प्रेषित कर दी जाती है जिसके कारण यहां डी0पी0सी0 या अन्य सेवा सम्बन्धी मामले निपटाने में अनावश्यक विलम्ब होता है । गोपनीय रिपोर्ट लिखते समय रिपोर्टिग/पुनर्विलोकन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्या कर्मचारी द्वारा गोपनीय रिपोर्ट फार्म में अपना सेवा विवरण सही भरा गया है या नहीं । अपने अधीनस्त सभी कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट **alphabetically/ Category Wise** करने के उपरान्त निदेशालय को प्रेषित की जाये । यदि कोई कर्मचारी/अधिकारी अपनी गोपनीय रिपोर्ट निर्धारित समय पर प्रेषित नहीं करते है तो रिपोर्टिगं अधिकारी स्वयं अपने स्तर पर उनकी गोपनीय रिपोर्ट भरकर पुनर्विलोकन अधिकारी को प्रेषित करें ।

अतः उपरोक्त सम्बन्ध में सभी उप शिक्षा निदेशकों को निर्देश दिये जाते है कि अपने अधीनस्त सभी अधिकारियों तथा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की गोपनीय रिपोर्ट पूर्ण करके 30 अप्रैल से पूर्व निदेशालय को प्रेषित की जाये तथा गोपनीय रिपोर्ट के सम्बन्ध में **(Completion Certificate)** प्रमाण पत्र भी दिया जाये कि अपने जिले के अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवम् लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वर्ष 2012–13 की गोपनीय रिपोर्टस निदेशालय को प्रेषित कर दी गई है तथा कोई भी गोपनीय रिपोर्टस लम्बित नहीं है । गोपनीय रिपोर्टस से सम्बन्धित प्रमाण पत्र दिनांक 10.05.2013 से पूर्व निदेशालय में प्रेषित कर दिया जाये विलम्ब के लिए सारा उत्तरदायित्व सम्बन्धित उप शिक्षा निदेशक का होगा ।

इसे अतिआवश्यक समझा जाये ।

शिक्षा निदेशक(उच्च)
हिमाचल प्रदेश ।